स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संबंधी रिपोर्ट

राय

हमने घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") के स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2019 तक की स्थिति के अनुसार, तुलन पत्र (बैलेंस शीट), लाभ एवं हानि विवरण, उस तारीख को समाप्त हो रही अवधि के लिए साम्या (इक्विटी) में परिवर्तन के विवरण और नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार और अन्य स्पष्टकारक जानकारी सहित वित्तीय विवरणों के संबंध में टिप्पणियां शामिल हैं।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपरोक्त स्टैंडएलोन वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") में यथाअपेक्षित रीति से अपेक्षित जानकारी और भारत में सामान्य तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप, दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार, कंपनी के कार्यों की स्थिति, इसकी हानि, और उस तारीख को समाप्त हो रही अवधि के लिए साम्या (इक्विटी) में परिवर्तन और इसके नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) के बारे में सत्य एवं स्पष्ट तथ्य प्रकट करते हैं।

राय का आधार

हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार है। उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारी का विस्तृत विवरण हमारी रिपोर्ट के 'वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी' खंड में की गई है। हम, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी की गई नैतिक संहिता के साथ-साथ नैतिक अपेक्षाओं के अनुसार, कंपनी से स्वतंत्र है, जो कि कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत हमारे द्वारा की गई वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए संगत है और हमने, इन अपेक्षाओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को निर्वहन किया है। हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्य हमारी राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय विवरणों और उनके संबंध में दी गई लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

अन्य जानकारी तैयार करने की जिम्मेदारी कंपनी के निदेशक मंडल की है। अन्य जानकारी में प्रबंधन रिपोर्ट में शामिल की गई जानकारी सम्मिलित है, किंतु इसमें स्टैंडएलोन वित्तीय विवरण और उनके संबंध में हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारी राय में अन्य जानकारियां शामिल नहीं की गई हैं, और हम उनके संबंध में किसी भी प्रकार का आश्वस्त निष्कर्ष व्यक्त नही करते हैं।

स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारियों को पढ़ना और ऐसा करते हुए, यह विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी वस्तुतः स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों से काफी असंगत है अथवा हमारे द्वारा की जा रही लेखा परीक्षा के दौरान हमें दी गई जानकारी काफी गलत रूप में प्रस्तुत की गई प्रतीत होती है परामर्श लिया गया अथवा अन्यथा वस्तुतः मिथ्या प्रतीत होती है।

यदि, हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि यह अन्य जानकारी वस्तुतः मिथ्या है, तो हमारे द्वारा उस तथ्य की सूचना दी जानी आवश्यक है। इस संबंध में सूचित किए जाने हेतु हमारे पास कोई तथ्य नहीं है।

स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और जिन्हें अभिशासन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है, उनकी जिम्मेदारी

इन स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों, जो अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्य तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन, साम्या (इक्विटी) में परिवर्तन और नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) के बारे में सत्य और निष्पक्ष मत प्रस्तुत करते हैं, को तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए कंपनी का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। इस जिम्मेदारी में, कंपनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं की रोकथाम करने और पता लगाने; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और उपयोग करने; ऐसे निर्णय लेना और आकलन करना जो तर्कसंगत और विवेकसम्मत हो; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण जिन्हें वित्तीय विवरणों का सत्य और स्पष्ट तथ्य प्रकट करने वाले और वस्तुतः मिथ्या जानकारी, चाहे वे धोखे से अथवा त्रुटिवश, न हो वित्तीय विवरणों को तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक लेखा रिकार्डों की शुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा था को तैयार करने और रखरखाव करने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्डों का रखरखाव करना भी शामिल है।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, निदेशक मंडल कंपनी के एक प्रगतिशील संस्था के रूप में बने रहने, प्रगतिशील संस्था से संबंधित मामलों के प्रकटीकरण, जैसा लागू हो, और लेखांकन के लिए प्रगतिशील संस्थान के आधार का उपयोग करने में इसकी क्षमता के मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार है, जब तक कि निदेशक मंडल कंपनी को परिसमाप्त न करना चाहता हो या उसका प्रचालन न रोकना चाहता हो अथवा ऐसा करने के सिवाय उनके पास कोई यथार्थपरक विकल्प न बचे।

कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देख-रेख के लिए भी निदेशक मंडल जिम्मेदार है।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण समग्र रूप में महत्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी से अथवा त्रुटि से हो, से रहित हैं और लेखा परीक्षा की रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय शामिल हो। तर्कसंगत आश्वासन एक उच्चस्तरीय आश्वासन है किंतु यह गारंटी नहीं देता कि कि एस.ए. के अनुसार की गई लेखा परीक्षा में सदैव महत्वपूर्ण गलतबयानी, जब कभी विद्यमान हो, का पता लगाया जाएगा। महत्वपूर्ण गलतबयानी किसी धोखाधड़ी अथवा त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें महत्वपूर्ण माना जाएगा यदि व्यक्तिगत अथवा समग्र तौर पर, उनसे उपयोगकर्ता द्वारा इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए निर्णयों को संगत रूप से प्रभावित करने की संभावना हो।

एस.ए. के अनुसरण में लेखा परीक्षा के भाग के रूप में, लेखा परीक्षा के दौरान हमने पेशेवर निर्णयों का उपयोग किया है और पेशेवर संशयवाद की अवधारणा का बनाए रखा है। हमने:

- वित्तीय विवरणों में, चाहे धोखाधड़ी से अथवा त्रुटिवश, महत्वपूर्ण गलतबयानी के जोखिमों का पता लगाते हैं और उनका मूल्यांकन करते हैं, ऐसे जोखिमों के लिए अनुक्रियाशील लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार करते हैं और उनका निष्पादन करते हैं तथा ऐसे लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हो। किसी धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप हुई गलतबयानी का पता न लगा पाने के जोखिम, त्रुटिवश की गई किसी गलतबयानी का पता न लगा पाने के जोखिम से अधिक होता है क्योंकि धोखे में सांठगांठ, जालसाजी, इरादतन चूक, गलतबयानी अथवा आंतरिक नियंत्रण का अधिभावी होना शामिल हो सकता है।

- उस स्थिति में उपयुक्त लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार करने के उद्देश्य से लेखा परीक्षा के लिए संगत आंतरिक नियंत्रणों की समझ प्राप्त भी की। कंपनी अधिनियम की धारा 143(3)(I) के अंतर्गत, हम इस बात पर अपनी राय प्रकट करने के लिए भी जिम्मेदार है कि क्या कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली मौजूद है और ऐसे नियंत्रणों की संचालनात्मक प्रभावकारिता है।

- हम प्रयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा लेखा अनुमानों तथा उनसे संबंधित प्रकटनों के औचित्य का मूल्यांकन भी करते हैं।

- प्रबंधन द्वारा प्रयोग में लाए गए प्रगतिशील संस्था के लेखांकन के आधार और प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर, उस घटनाक्रम और स्थिति जो कंपनी के एक प्रगतिशील संस्था के रूप में जारी रहने के संबंध में एक पर्याप्त संशय उत्पन्न करती है, से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता विद्यमान हो, उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकाला है। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते है कि कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता विद्यमान है, तो हमें अपनी लेखा परीक्षा की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों की ओर ध्यान आकर्षित करना अथवा यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हो तो अपनी राय में आशोधन करना अपेक्षित है। हमारे द्वारा निकाले गए निष्कर्ष हमारी लेखा परीक्षा की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्यों पर आधारित हैं।

तथापि, भावी घटनाएं अथवा परिस्थितियां कंपनी को एक प्रगतिशील संस्था के रूप में जारी रहने से बाधित कर सकती है।

- वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुती, संरचना और विषयवस्तु सहित प्रकटनों और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देन और घटनाओं को उस रीति में प्रस्तुत करते हैं जो उचित प्रस्तुति प्रस्तुत की जाए, का मूल्यांकन भी करते हैं।

हम उन्हें, जिन्हें अभिशासन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है, को अन्य मुद्दों के साथ-साथ योजनाबद्ध क्षेत्र तथा लेखा परीक्षा की समय-सीमा और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा प्रेक्षणों सहित लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में हमारे द्वारा पाई गई महत्वपूर्ण कमियों के संबंध में सूचना दी है।

हम उन्हें, जिन्हें अभिशासन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है, एक विवरण भी प्रदान किया कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में सुसंगत नैतिक अपेक्षाओं और उनसे संपर्क करने के लिए सभी संबंधों और अन्य मामलों जिन्हें संगत रूप से हमारी स्वतंत्रता पर प्रभावकारी समझा जा सकता है और जहां कहीं लागू हो, संबंधित सुरक्षोपायों की अनुपालना की है।

अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं के संबंध में रिपोर्ट

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप-धारा (11) के संदर्भ में केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 में यथाअपेक्षित, हमने आदेश के पैरा 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों के बारे में, लागू सीमा तक, एक विवरण "अनुलग्नक-I" में दिया है।
2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों और उप-निर्देशों के संबंध में, हम कंपनी की बहियों और अभिलेखों की ऐसी जांच, जिसे हमने उचित समझा और जो हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार थी, के आधार पर अधिनियम की धारा 143(5) के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट अनुलग्नक - II पर संलग्न कर रहे हैं।
3. अधिनियम की धारा 143(3) में यथाअपेक्षित, हम यह रिपोर्ट करते हैं कि:-

    क) हमने, ऐसी समस्त जानकारी अथवा स्पष्टीकरण की मांग की और प्राप्त की जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक थी।
    ख) हमारी राय में, कानून के अनुसार, उचित लेखाबहियां रखी गई हैं जैसा कि उन बहियों के संबंध में हमारी जांच से प्रतीत होता है।
    ग) इस रिपोर्ट में संबोधित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि विवरण, साम्या (इक्विटी) में परिवर्तन के विवरण और नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) विवरण खाते की बहियों के अनुरूप हैं।
    घ) हमारी राय में, उक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण, कंपनी (खाता) नियमावली, 2014 की नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुसार हैं।

ङ) एक सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत सरकार द्वारा दिनांक 05.06.2015 को जारी की गई अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 463 (अ) के अनुसरण में, निदेशकों की निर्हरता संबंधी अधिनियम की धारा 164(2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की संचालनात्मक प्रभावकारिता के संबंध में कृपया अनुलग्नक 'क' पर हमारी पृथक रिपोर्ट का अवलोकन करें।

छ) अधिनियम की धारा 197(16) की अपेक्षाओं के अनुसरण में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान अपने निदेशकों को किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया है अतः अधिनियम की धारा 197 के प्रावधानों की रिपोर्टिंग अपेक्षाएं कि क्या अधिक भुगतान किया गया है, कंपनी पर लागू नहीं होती हैं।

ज) कंपनियां (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसरण में लेखा परीक्षा की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार:

- कंपनी के विरूद्ध कोई मुकदमेबाजी लंबित नहीं है जिससे इसकी वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो।
- कंपनी का डेरिवेटिव अनुबंधों सहित कोई ऐसा दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था जिसके संबंध में किसी वास्तविक हानि का पूर्वानुमान था।
- ऐसी कोई राशि नहीं थी जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में अंतरित किया जाना अपेक्षित था।

कृते वैश एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या : 005388 एन

सी.ए. विपिन जैन
(साझेदार)
सदस्यता संख्या. 512474

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: -

घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड की स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक-I

31 मार्च, 2019 को समाप्त अवधि के लिए घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को हमारी रिपोर्ट में संदर्भित अनुलग्नक

<u>हम रिपोर्ट करते हैं कि:</u>

1 प्रक्रियाधीन पूंजीगत कार्य के अलावा, कंपनी की कोई अचल संपत्ति नहीं है। अतः आदेश के पैरा 3 के खंड (i) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

2 कंपनी की कोई माल-सूची नहीं है; अतः, आदेश के पैरा 3 का खंड(ii) लागू नहीं होता है।

3 कंपनी द्वारा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत अनुरक्षित रजिस्टर में कवर कंपनियों, फर्मों अथवा अन्य पक्षों को कोई प्रतिभूत अथवा अप्रतिभूत ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है।

4 हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने अधिनियम की धारा 185 के तहत यथाविनिर्दिष्ट, अपने निदेशक मंडल को और उनकी ओर से कोई ऋण, गारंटी अथवा प्रतिभूति नहीं दी है और बनाए गए ऋणों के संबंध में कंपनी द्वारा अधिनियम की धारा 186 के प्रावधानों की अनुपालना की गई है।

5 हमारे द्वारा की गई कंपनी के अभिलेखों की जांच के आधार पर और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, हमारी राय में, कंपनी ने धारा 73 से 76 के प्रावधानों अथवा कंपनी अधिनियम 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के किसी अन्य संगत प्रावधानों के अंतर्गत आम जनता से जमा स्वीकार नहीं किया है।

6 हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उपधारा (1) के तहत, कंपनी के किसी भी कार्यकलाप के लिए, केंद्र सरकार द्वारा लागत अभिलेखों का रखरखाव विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है। अतः, आदेश के पैरा 3 के खंड (vi) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

7 (क). कंपनी द्वारा भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, सेवा कर/जी.एस.टी., सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर और किसी समुचित प्राधिकरण की ओर से इस पर लागू अन्य किसी सांविधिक शुल्क सहित अविवादित सांविधिक देयताओं को नियमित तौर पर जमा किया है। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार कोई अविवादित सांविधिक शुल्क, उनके देय होने की तारीख से छः माह की अधिक अवधि के लिए बकाया नहीं है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार, आयकर, सेवा कर/जी.एस.टी., सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर के संबंध में कोई महत्वपूर्ण विवादित सांविधिक शुल्क देय नहीं है।

8 हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी द्वारा किसी भी वित्तीय संस्थान अथवा बैंक अथवा डिबेंचर-धारक से कोई ऋण नहीं लिया गया है। अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (viii) लागू नहीं होता है।

9 कंपनी द्वारा अवधि के दौरान इनिशियल पब्लिक ऑफर अथवा फर्दर पब्किल ऑफर (ऋण लिखत सहित) और मियादी ऋणों के जरिए कोई राशि एकत्रित नहीं की गई है अतः, आदेश के पैरा 3 का खंड (ix) लागू नहीं होता है।

10 संपादित की गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं, हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, वर्ष के दौरान, कंपनी द्वारा अथवा कंपनी में उसके अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा किसी प्रकार की धोखाधड़ी न तो पाई गई है या न ही सूचित की गई है।

11 हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, अधिनियम की अनुसूची V के साथ पठित धारा 197 में विनिर्दष्टानुसार अवधि के दौरान कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार के प्रबंधकीय पारिश्रमिक का भुगतान /उपलब्ध नहीं कराया गया है, अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (xi) लागू नहीं होता है।

12 यह कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है अतः आदेश के पैरा 3 का चूक संबंधी खंड (xii) लागू नहीं होता है।

13 हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा हमारे द्वारा की गई कंपनी के अभिलेखों की जांच के आधार पर, कंपनी द्वारा संबंधित पक्षों के साथ किया गया लेन-देन व्यापार के सामान्य तरीके से निष्पक्ष आधार पर किया गया है और इसलिए, कंपनी पर अधिनियम की धारा 177 और 188 लागू नहीं होती है, तथापि, लागू लेखांकन मानकों के अनुसार, यथाअपेक्षित, वित्तीय विवरणों में ऐसे लेन-देन के ब्यौरों का प्रकटीकरण किया गया है।

14 कंपनी के अभिलेखों के अनुसार, अवधि के दौरान, कंपनी द्वारा शेयरों अथवा पूर्णतः या आंशिक परिवर्तनीय डिबेंचरों का अधिमान्य आबंटन अथवा संस्थागत बिक्री नहीं की गई है। अतः आदेश के पैरा 3 के खंड (xiv) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

15 हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा हमारे द्वारा की गई कंपनी के अभिलेखों की जांच के आधार पर, कंपनी द्वारा निदेशकों अथवा इसके साथ संबंधित किन्हीं व्यक्तियों के साथ किसी नकदरहित लेन-देन में हिस्सा नहीं लिया गया है। अतः आदेश के पैरा 3 के खंड (xv) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

16 कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-IA के तहत पंजीकृत किया जाना अपेक्षित नहीं है।

कृते वैश एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या : 005388 एन

सी.ए. विपिन जैन
(साझेदार)
सदस्यता संख्या. 512474

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: -

अनुलग्नक-II

घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा सांविधिक लेखापरीक्षकों को जारी किए गए निर्देशों के संबंध में उत्तर दिनांक 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए

क्र.सं.	विवरण	उत्तर
1.	क्या कंपनी में लेखा संबंधी लेन-देन को आई.टी. प्रणाली के माध्यम से संसाधित करने के लिए प्रणाली विद्यमान है? यदि हां, तो आई.टी. प्रणाली से बाहर लेखा लेन-देनों को संसाधित करने में खातों की ईमानदारी संबंधी विवक्षाओं सहित वित्तीय विवक्षाएं, यदि कोई हो, का उल्लेख करें।	जी, हां।
2.	क्या ऋण को चुकाने की कंपनी की अक्षमता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी के किसी मौजूदा ऋण की पुनःसंरचना अथवा कर्ज/ऋण/ब्याज आदि को माफ करने/बट्टे खाते में डालने का मामला तैयार किया गया है? यदि हां, वित्तीय प्रभाव का उल्लेख किया जाए।	कर्ज/ऋण/ब्याज आदि को माफ करने/बट्टे खाते में डालने का कोई मामला नहीं है, अतः यह खंड लागू नहीं होता है।
3.	क्या केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से किसी विशिष्ट स्कीम के लिए प्राप्त की गई/प्राप्ति योग्य निधियों को उनकी निबंधन एवं शर्तों के अनुसार समुचित लेखा-जोखा तैयार किया गया/उपयोग किया गया है? विचलन के मामलों का उल्लेख करे।	केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट स्कीमों के लिए प्राप्त की गई/प्राप्त किए जाने योग्य कोई निधियां नहीं हैं, अतः यह खंड लागू नहीं होता है।

कृते वैश एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या : 005388 एन

सी.ए. विपिन जैन
(साझेदार)
सदस्यता संख्या. 512474
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:

-

घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड की स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक-III

31 मार्च, 2019 को समाप्त अवधि के लिए घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को हमारी रिपोर्ट में सदर्भित अनुलग्नक

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उपधारा 3 के खण्ड (i) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में रिपोर्ट।

हमने 31 मार्च, 2019 के अनुसार घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है, जो उक्त तिथि को समाप्त अवधि के लिए हमारे द्वारा की गई कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के साथ-साथ की गई है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशकमंडल, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा संबंधी मार्गदर्शी नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना और अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार होता है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत यथाअपेक्षित कंपनी की नीतियों के अनुपालन, इसकी परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने, लेखा अभिलेखों की शुद्धता और पूर्णता और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी सहित इसके व्यापार का सुव्यवस्थित और कुशल प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा था, को तैयार करना, कार्यान्वयन और रखरखाव, शामिल हैं।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी, हमारे द्वारा की गई लेखा-परीक्षा के आधार पर कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बारे में राय व्यक्त करना है। हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की किसी लेखा परीक्षा के संबंध में लागू सीमा तक, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा संबंधी मार्गदर्शी नोट ("मार्गदर्शी नोट") और भारत सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत विनिर्दिष्ट समझे जाने वाले लेखापरीक्षण संबंधी मानकों के अनुसार है। उन मानकों और मार्गदर्शी नोट में यह अपेक्षित है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें और उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना और कार्यान्वयन करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित किए गए थे और क्या ऐसे नियंत्रण को सभी भौतिक मामलों में प्रभावी रूप से संचालित किया गया।

हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उनकी संचालनात्मक प्रभावकारिता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाओं का संचालन शामिल है। हमारे द्वारा की गई वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आंकलन करना कि क्या कोई भौतिक कमजोरी मौजूद है, और आंकलित किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाईन और संचालनात्मक प्रभावकारिता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल हैं। चयनित प्रक्रियाएं, वित्तीय विवरणों की तथ्यात्मक गलतियों, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या किसी तरह की त्रुटि के कारण हो, के जोखिम के आकलन सहित लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं।

हमें विश्वास है कि कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के संबंध में हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा की राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु हमें प्राप्त लेखा परीक्षा के साक्ष्य पर्याप्त और उपयुक्त हैं। .

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर किसी कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाह्य उद्देश्य के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए तैयार की गई एक प्रक्रिया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो (1) रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित हैं, जो सुसंगत विवरण में, कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और निक्षेपण को शुद्ध और उचित रूप से दर्शाती हैं; (2) उचित आश्वासन देती हैं कि लेनदेन को आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति के लिए यथाआवश्यक लेखबद्ध किया गया है; और कि कंपनी की प्राप्तियां और व्यय को केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार किया जा रहा है; और (3) कंपनी की परिसम्पत्तियों, जो वित्तीय विवरणों पर भौतिक प्रभाव डाल सकती हैं, के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग और निक्षेप की रोकथाम अथवा समय पर पता लगाने के संबंध में सुसंगत आश्वासन प्रदान करना है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की सीमाएं

सांठगांठ अथवा अनुचित प्रबंधन की संभावना, नियंत्रणों के अधिरोहण सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के परिणामस्वरूप, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण वस्तुतः मिथ्या तथ्य दिए जा सकते है और इनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भावी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी मूल्यांकन का परियोजन इस जोखिम के अध्यधीन है कि परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकते हैं अथवा कि नीतियों या प्रक्रियाओं की अनुपालना की स्थिति में कमी आ सकती है।.

राय

हमारी राय में, कंपनी में सभी भौतिक मामलों में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा संबंधी मार्गदर्शी नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के

आवश्यक घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर, वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण विद्यमान थे और वित्तीय रिपोर्टिंग पर ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार प्रभावी रूप से संचालित थे।

कृते वैश एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या : 005388 एन

सी.ए. विपिन जैन
(साझेदार)
सदस्यता संख्या. 512474

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: -

<u>अनुपालन प्रमाण पत्र</u>

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निदेशों/उप-निदेशों के अनुसार 31 मार्च, 2019 को समाप्त अवधि के लिए घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड के खातों की लेखा-परीक्षा की है और यह प्रमाणित करते हैं कि हमने, हमें जारी किए गए सभी निदेशों/उप-निदेशों का पालन किया है।

कृते वैश एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या : 005388 एन

सी.ए. विपिन जैन
(साझेदार)
सदस्यता संख्या. 512474

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: -

घोगरपल्ली इंटिग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड
(सी.आई.ए.:यू45207डी.एल.2008जी.ओ.आई.178456)
31 मार्च, 2019 तक की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र

(₹ सैकड़े में)

	विवरण	**नोट सं.**	**31 मार्च, 2019 तक की स्थिति के अनुसार**	**31 मार्च, 2018 तक की स्थिति के अनुसार**	**1 अप्रैल, 2017 तक की स्थिति के अनुसार**
(I)	**परिसम्पत्तियां**				
(1)	**गैर-चालू परिसम्पत्तियां**				
	(क) प्रगति पर पूंजीगत कार्य	4	6,49,334.62	5,95,229.45	5,43,280.88
	(ख) वित्तीय परिसम्पत्तियां				
	(i)ऋण	5	11,27,165.21	11,40,420.82	11,54,689.18
	(ii) अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियां	6	8,56,614.07	7,86,265.17	7,24,348.20
	कुलगैर-चालू परिसम्पत्तियां		26,33,113.89	25,21,915.43	24,22,318.26
(2)	**चालू परिसम्पत्तियां**				
	(क) वित्तीय परिसम्पत्तियां				
	(i) नकदी एवं नकदी समतुल्य	7	242.63	199.53	144.95
	(ख) अन्य चालू परिसम्पत्तियां	8	132.40	61.98	-
	कुलचालू परिसम्पत्तियां		375.03	261.51	144.95
	कुलपरिसम्पत्तियां		**26,33,488.92**	**25,22,176.94**	**24,22,463.21**

(II)	**इक्विटी एवं देयताएं**				
(1)	**इक्विटी**				
	(क) इक्विटी शेयर पूंजी	9	5,000.00	5,000.00	5,000.00
	(ख) अन्य इक्विटी	10	(333.63)	(333.63)	(333.63)
	कुलइक्विटी		4,666.37	4,666.37	4,666.37
2)	**गैर-चालू देयताएं**				
	(क)वित्तीय देयताएं				
	(i) ऋण	11	15,57,900.00	15,57,900.00	15,57,900.00
	(ii) अन्य वित्तीय देयताएं	12	10,63,997.93	9,49,116.65	8,48,843.50
	कुलगैर-चालू देयताएं		26,21,897.93	25,07,016.65	24,06,743.50
(3)	**चालू देयताएं**				
	(क) वित्तीय देयताएं				
	(ii) अन्य वित्तीय देयताएं	13	486.00	486.00	472.50
	(ख) अन्य चालू देयताएं	14	6,438.62	10,007.92	10,523.61
	(ग) चालू कर देयताएं (निवल)	15	-	-	57.23
	कुलचालू देयताएं		6,924.62	10,493.92	11,053.34
	कुलइक्विटी एवं देयताएं		**26,33,488.92**	**25,22,176.94**	**24,22,463.21**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीति 1-3

वित्तीयों विवरणों के साथ संलग्न नोट देखें 1-39

निदेशक मंडल के लिए और उन्हीं की ओर से

पी. सी. हेम्ब्रमआलोक सिंघलपी.के. सिंह
निदेशकनिदेशकअध्यक्ष
डी.आई.एन.:02750881 डी.आई.एन.:00795955 डी.आई.एन.:03548218

हमारी समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट के अनुसार
निम्नलिखित की ओर से उन्हीं के लिए
वैश एंड एसोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या 005388एन

(कपिल कुमार खंडेलवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 513636
स्थान: नई दिल्ली
तारीख :

घोगरपल्ली इंटिग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड
(सी.आई.ए.:यू45207डी.एल.2008जी.ओ.आई.178456)
दिनांक 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण

(₹ सैकड़े में)

विवरण	नोट संख्या	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए
प्रचालनों से राजस्व		-	-
अन्य आय		-	-
कुलआय(I)		**-**	**-**
व्यय			
अन्य व्यय		-	-
कुलव्यय (II)		**-**	**-**
कर पूर्व लाभ(I- II =III)		**-**	**-**
कर व्यय: (IV)			
चालू कर	17		

आस्थगित कर		- -	- -
कर उपरांत निवल लाभ(III - IV = V)		**-**	**-**
अन्य विस्तृत आय (VI)		-	-
अवधि के लिए कुल विस्तृत आय(V + VI =VII) (अवधि के लिए और लाभ(हानि) और अन्य विस्तृत आय को शामिल करते हुए)		**-**	**-**
प्रति इक्विटी शेयर आय: (VIII) आधारभूत एवं तनुकृत (10 रूपये प्रत्येक का सममूल्य)	18	-	-

महत्वपूर्ण लेखांकन नीति 1-3
वित्तीयों विवरणों के साथ संलग्न नोट देखें 1-39

निदेशक मंडल के लिए और उन्हीं की ओर से

पी. सी. हेम्ब्रमआलोक सिंघलपी.के. सिंह
निदेशकनिदेशकअध्यक्ष

डी.आई.एन.:02750881

डी.आई.एन.:00795955

डी.आई.एन.:03548218

हमारी समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट के अनुसार
निम्नलिखित की ओर से उन्हीं के लिए
वैश एंड एसोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या 005388एन

(कपिल कुमार खंडेलवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 513636
स्थान: नई दिल्ली
तारीख :

घोगरपल्ली इंटिग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड

(सी.आई.ए.:यू45207डी.एल.2008जी.ओ.आई.178456)

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण

(₹ सैकड़े में)

	विवरण	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए
क.	**प्रचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह:**		
	कर पूर्व निवल लाभ	-	-
	के लिए समायोजित:		
	कर व्यय		
	कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ	**-**	**-**
	कार्यशील पूंजी में परिवर्तन के लिए समायोजन :		
	- वृद्धि/(कमी) अन्य चालू वित्तीय देयताएं	-	13.50
	-वृद्धि/(कमी) अन्य गैर चालू वित्तीय देयताएं	1,14,881.28	1,00,273.15
	- वृद्धि/(कमी) अन्य चालू देयताएं	(3,569.30)	(515.69)
	- अन्य चालू परिसम्पत्तियों में वृद्धि/(कमी)	(70.42)	(61.98)
	- गैर चालू ऋणों में वृद्धि/(कमी)	13,255.61	14,268.36
	- वृद्धि/(कमी) अन्य गैर चालू वित्तीय परिसम्पत्तियां	(70,348.90)	(61,916.97)
	- वृद्धि/(कमी) अन्य चालू कर देयताएं	-	(57.23)
	प्रचालन गतिविधियों से अर्जित नकद	**54,148.27**	**52,003.14**
	भुगतान किया गया आयकर	-	-
	प्रचालन गतिविधियों से निवल नकद	**54,148.27**	**52,003.14**

ख.	**निवेशी गतिविधियों से नकदी प्रवाह:**		
	प्रगति पर पूंजीगत कार्य में परिवर्तन	(54,105.17)	(51,948.57)
	निवेशी गतिविधियों से निवल नकद	**(54,105.17)**	**(51,948.57)**
ग.	**वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह:**		
	ऋण से प्राप्त	-	-
	वित्तीय गतिविधियों से निवल नकद	**-**	**-**
	नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि/(कमी)	**43.10**	**54.58**
	1 अप्रैल, 2017 तक की स्थिति के अनुसार नकदी और नकदी समतुल्य (अथशेष)	**199.53**	**144.95**
	31 मार्च तक की स्थिति के अनुसार नकदी और नकदी समतुल्य (अंतशेष) को शामिल करते हुए:	**242.63**	**199.53**
	बैंकों में चालू खातों में अधिशेष	242.63	199.53

निदेशक मंडल के लिए और उन्हीं की ओर से

पी. सी. हेम्ब्रमआलोक सिंघलपी.के. सिंह

निदेशकनिदेशकअध्यक्ष

डी.आई.एन.:02750881 **डी.आई.एन.:00795955** **डी.आई.एन.:03548218**

हमारी समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट के अनुसार

निम्नलिखित की ओर से उन्हीं के लिए

वैश एंड एसोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या 005388एन

(कपिल कुमार खंडेलवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 513636
स्थान: नई दिल्ली
तारीख :

घोगरपल्ली इंटिग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड
(सी.आई.ए.:यू45207डी.एल.2008जी.ओ.आई.178456)
31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

क. इक्विटी शेयर पूंजी

(₹ सैकड़े में)

विवरण	**31 मार्च, 2019 तक की स्थिति के अनुसार**
1 अप्रैल, 2017 को अधिशेष	5,000.00
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	-
31 मार्च, 2018 को अधिशेष	5,000.00
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	-
31 मार्च, 2019 को अधिशेष	5,000.00

ख. अन्य इक्विटी

(₹ सैकड़े में)

विवरण	31 मार्च, 2019 तक की स्थिति के अनुसार
प्रतिधारित आय	
1 अप्रैल, 2017 को अधिशेष	(333.63)
वर्ष (वित्त वर्ष 2017-18) के लिए कुल विस्तृत आय	-
31 मार्च, 2018 को अधिशेष	(333.63)
वर्ष (वित्त वर्ष 2018-19) के लिए कुल विस्तृत आय	-
31 मार्च, 2019 को अधिशेष	(333.63)

निदेशक मंडल के लिए और उन्हीं की ओर से

पी. सी. हेम्ब्रमआलोक सिंघलपी.के. सिंह
निदेशकनिदेशकअध्यक्ष
डी.आई.एन.:02750881 डी.आई.एन.:00795955 डी.आई.एन.:03548218

हमारी समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट के अनुसार

निम्नलिखित की ओर से उन्हीं के लिए
वैश एंड एसोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या 005388एन

(कपिल कुमार खंडेलवाल)
साझेदार
सदस्यता संख्या : 513636
स्थान: नई दिल्ली
तारीख :

घोगरपल्ली इंटिग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड

सी.आई.ए.:यू45207डी.एल.2008जी.ओ.आई.178456

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण संबंधी नोट

1 निगमितजानकारी

घोगरपल्ली इंटिग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड(“कंपनी”) को कंपनीअधिनियम, 1956 के तहत पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पी.एफ.सी.), भारत सरकारका एक उपक्रम, की पूर्णतः स्वामित्व वाली सहायक संस्था के रूप में दिनांक 22मई 2008में निगमित किया गया था। कार्य की शुरूआत करने संबंधी प्रमाणपत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2009को जारी किया गया। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय प्रथम तल, ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनाट प्लेस, नई दिल्ली- 110001 में स्थित है। यह कंपनी एकविशिष्ट कार्य संस्था है जिसका निगमन ओडिशा राज्य में 4000 मेगावाट की अतिविस्तृत (अल्ट्रा मेगा) विद्युत परियोजना की स्थापना के उद्देश्य से भूमि केअधिग्रहण और पर्यावरण, वन इत्यादि की अनुमति सहित कानूनी अनुमति से संबंधितप्राथमिक कार्य को पूरा करने की सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया था।

2 सामान्य

(क) निर्मिति काआधार और अनुपालना का विवरण

इन वित्तीय विवरणों को परंपरागत लागत और लेखांकन केप्रोद्भवन आधार पर तैयार किया गया है और ये कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (यथासंशोधित) के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (“इंड ए.एस.” के रूप मेंसंदर्भित) तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार हैं। ये कंपनीके प्रथम इंड ए.एस. वित्तीय विवरण हैं। इंड ए.एस. में संक्रमण की तिथि 1 अप्रैल, 2017 तक है।

कंपनी ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष तक अपने वित्तीय विवरण पूर्व में लागू जी.ए.ए.पी. कीअपेक्षओं के अनुसार तैयार किए थे, जिनमें कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठितकंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानक (ए.एस.) शामिलथे।

वित्तीय विवरणों मेंविगत अवधि के आंकड़ों को उन्हीं लेखांकन मानकों के अनुसार प्रस्तुत किया गया हैजिन्हें कंपनी के पहले इंड ए.एस. वित्तीय विवरणों को तैयार करने में उपयोग कियागया है।

कंपनी के वित्तीयविवरणों को भारतीय रूपये (आई.एन.आर.) में प्रस्तुत किया गया है जो कि इसकीकार्यकरण की मुद्रा है।

कंपनी द्वारा पहलीबार अपनाए जाने के संबंध में ली गई छूटों के ब्यौरों को नोट संख्या 38परप्रस्तुत किया गया है।

इन वित्तीय विवरणोंमें राशि को दो दशमलव बिंदुओं के निकटतम सौ (जब तक कि दर्शाया न जाए) तकसमायोजित किया गया है।

(ख) अनुमानों काउपयोग

वित्तीय विवरणों कोतैयार करने में प्रबंधन द्वारा अनुमान लगाना और पूर्वधारणा अपेक्षित है जोवित्तीय विवरणों की तारीख के अनुसार राजस्व, व्यय की संसूचित राशि, परिसम्पत्तियों और देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं के संबंध में प्रकटीकरण कोप्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम उन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। अनुमानऔर अंतर्निहित पूर्वधारणा की पुनरीक्षा नियमित आधार पर की जाती है। लेखाअनुमानों में संशोधन का निर्धारण उस अवधि में किया जाता है जिसमें अनुमानों कोसंशोधित किया गया हो और जिनसे कोई भावी अवधि प्रभावित होती हो।

3 महत्वपूर्णलेखांकन नीतियां

(क) आय/व्यय का निर्धारण

आय और व्यय (नीचे दिएगए के अलावा) का लेखा-जोखा प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

अति विशाल (अल्ट्रा मेगा) विद्युत परियोजना को तैयार करने में पी.एफ.सी./पी.एफ.सी.सी.एल. को प्रदेय परामर्शी एवं पेशेवर सेवाओं के लिए शुल्क का निर्धारण सफल बोली लगाने वाले को कंपनी के हस्तांतरण के वर्ष में किया जाता है।

(ख) ऋण लागत

ऋण लागत जो कि अचल परिसम्पत्तियों, जिन्हें उनकेआशयित उपयोग के लिए तैयार करने के लिए काफी समय लगता है, के अधिग्रहण, निर्माणसे संबंधित हैं, को ऐसी अचल परिसम्पत्तियों की लागत के भाग के रूप में ऐसीपरिसम्पत्तियों को उपयोग के लिए तैयार किए जाने की अवधि से संबंधित सीमा तकपूंजी में परिणत किया जाता है। अन्य उधारी लागतों को उस वर्ष, जिसमें उन्हें वहनकिया गया है, के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

(ग) प्रगति पर पूंजीगत कार्य

भूमि अधिग्रहण/सर्वेक्षण/अध्ययन/जांच/परामर्श/प्रशासनिक/मूल्यहास/ब्याज आदि केसंबंध में वहन किए गए व्यय और निर्माण अवधि के दौरान अन्य व्ययों को पूंजी मेंपरिणत किया जाता है और उन्हें प्रगति पर पूंजीगत कार्य माना जाता है।

(घ) पूर्वावधि व्यय

पूर्वावधि कीमहत्वपूर्ण त्रुटियों में पूर्वव्यापी तरीके से पूर्वावधि, जिसमें त्रुटि हुई, में प्रस्तुत की गई तुलनात्मक राशि का पुनः उल्लेख करते हुए सुधार किया जाता है।यदि त्रुटि प्रस्तुत की गई पूर्व अवधि से पहले हुई हो, तो प्रस्तुत की गई पूर्वअवधि की परिसम्पत्तियों, देयताओं के अथशेष और इक्विटी का पुनः उल्लेख किया जाताहै।

(ङ) नकदी एवं नकदी समतुल्य

नकदी के तहत हस्तगतनकद, डिमांड डिपोजिट शामिल होते हैं। कंपनी सभी अल्पावधिक अधिशेषों (जिनकी मूलपरिपक्वता अवधि अधिग्रहण से तीन माह या कम है) उच्चतर नकदी निवेश, जो नकदी कीनियत राशि में शीघ्रता से परिवर्तित किए जा सकते हैं और जिनमें मूल्य परिवर्तनसंबंधी मामूली जोखिम हो, को नकदी समतुल्य समझती है।

(च) नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाह विवरणऐसी अप्रत्यक्ष रीति के अनुसार तैयार किए जाते हैं जिसके द्वारा कर पूर्व निवललाभ/(हानि) को गैर-नकदी प्रकृति के किसी लेन-देन और विगत अथवा भावी नकद प्राप्तिअथवा भुगतान के स्थगन अथवा संग्रहण के प्रभावों के लिए समायोजित किया जाता है।कंपनी की प्रचालन, निवेशी और वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह को पृथक कियाजाता है।

(छ)	**कराधान**
	आयकर व्यय मेंवर्तमान और आस्थगित कर शामिल होते हैं। इसका निर्धारण लाभ एवं हानि विवरण में, जब यह किसी ऐसी मद से संबंधित हो जिसे ओ.सी.आई.अथवा प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी, जिसके मामले में भी, कर को ओ.सी.आई. अथवा प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी मेंनिर्धारित किया जाता है, में निर्धारित किया गया है को छोड़कर, किया जाता है।
	चालू कर वह कर हैजिसे उस तिथि को अधिनियमित अथवा विधिवत अधिनियमित और लागू कर दर का उपयोग तथाविगत वर्ष के संबंध में देय करों का समायोजन करते हुए वर्ष के लिए कराधीन आय केसंबंध में भुगतान किया जाना अपेक्षित है।
	आस्थगित कर का निर्धारण वित्तीय विवरणों मेंपरिसम्पत्तियों और देयताओं की वहन राशि और कराधीन आय की गणना में उपयोग किए गएसंगत कर के आधारों के बीच अस्थायी अंतर के आधार पर किया जाता है। आस्थगित कर कीगणना कानूनों के आधार पर कर दर पर की जाती है जिसे रिपोर्टिंग की तारीख कोअधिनियमित अथवा विधिवत अधिनियमित किया गया हो। यदि चालू कर परिसम्पत्तियों औरदेयताओं को समायोजित करने का विधिक रूप से प्रवर्तित अधिकार हो तो आस्थिगत करपरिसम्पत्तियों और देयताओं को समायोजित किया जाता है।
	कोई आस्थिगत करपरिसम्पत्तियों को सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतरों के लिए उस सीमा तक निर्धारितकिया जाता है जिसमें यह संभाव्य हो कि करयोग्य लाभ उस सीमा तक उपलब्ध होंगे जहांतक कटौतीयोग्य अस्थायी अंतरों का उपयोग किया जा सकता है। आस्थगित कर देयताओं कीपुनरीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को की जाती है इन्हें उस सीमा तक कम कियाजाता है जिसमें इस बात की बिल्कुल संभावना न हो कि संबंधित कर लाभों को अर्जितकिया जाएगा।
	प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में आस्थिगत करपरिसम्पत्तियों की वहन राशि की पुनरीक्षा की जाती है और इन्हें उस सीमा तक कमकिया जाता है जिसमें इस बात की बिल्कुल संभावना न हो कि वसूली की जाने वालीपरिसम्पत्तियो के सभी भागों को नियत करनेहेतु पर्याप्त कर लाभ उपलब्ध होंगे।

(ज) प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

i. प्रावधानों को उस स्थिति में मान्यता दी जाती है जब किसी विगत घटना के परिणामस्वरूप कंपनी का वर्तमानदायित्व (विधिक अथवा निर्माण संबंधी) हो, यदि यह संभाव्य हो कि कंपनी द्वारादायित्व का निपटान अपेक्षित होगा और एक दायित्व की राशि के संबंध में एकविश्वसनीय अनुमान लगाया जा सके। प्रावधान के रूप में मान्यताप्राप्त राशि, दायित्वों के जोखिमों और प्रतिवेशी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्वों के निपटान के लिए अपेक्षित प्रतिफलका बेहतरीन अनुमान है। जब कुछेक अथवा सभी आर्थिक लाभों से निपटान अपेक्षित हो, प्रावधान को तृतीय पक्ष से वसूल किया जाना आशयित हो तोकिसी प्राप्य केएक परिसम्पत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है यदि वस्तुतः यह निश्चित हो किप्रतिपूर्ति की जाएगी और प्राप्य की राशि का मूल्यांकन विश्वसनीय रूप सेकिया जा सकता है।

ii. जहां यह संभव न हो किआर्थिक लाभों का बहिर्वाह आवश्यक होगा अथवा राशि का अनुमान विश्वसनीय रूप सेनहीं लगाया जा सकता, दायित्व को आकस्मिक देयताओं के रूप में लेखा की टिप्पणियोंमें प्रकट किया जाता है जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह की संभावना कम न हो।

iii. आकस्मिकपरिसंपत्तियों के वित्तीय विवरणों में मान्यता नहीं दी जाती है किंतु उन्हेंउस स्थिति में प्रकट किया जाता है जब आर्थिक लाभों के अंतर्वाह की संभावना हो।

iv. प्रत्येक तुलन पत्रकी तारीख को इनकी पुनरीक्षा की जाती है और वर्तमान प्रबंधन अनुमानों को दर्शानेके लिए इन्हें समायोजित किया जाता है।

(झ) वित्तीय लिखत

वित्तीयपरिसम्पत्तियों और वित्तीय देयताओं को उस स्थित में मान्यता दी जाती है जब कंपनीवित्तीय लिखत के संविदात्मक प्रावधानों में एक पक्ष बन जाती है।

आरम्भिक मान्यता होने पर, वित्तीय परिसम्पत्तियां और वित्तीय देयताओं को उचितमूल्य जमा/घटा लेन-देन की लागत, जो वित्तीय परिसम्पत्तियों और वित्तीय देयताओंके अधिग्रहण अथवा निर्गम से संबंधित है, को मान्यता दी जाती है। वित्तीयपरिसम्पत्तियों और वित्तीय देयताओं जिन्हें लाभ एवं हानि के माध्यम से उचितमूल्य पर निर्धारित किया जाता है, के मामले में, इनकी लेन-देन लागत को लाभ एवंहानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है।

झ.1 वित्तीयपरिसम्पत्तियां

वित्तीय परिसम्पत्तियों की सभी नियमित रीति की खरीदऔर बिक्री का निर्धारण और गैर-निर्धारण निपटान तारीख के आधार पर किया जाताहै।

आरम्भिक मान्यता होने पर, वित्तीय परिसम्पत्तियों को या तो परिशोधित लागत अथवा उचित मूल्य परउनकी समग्रता में वित्तीय परिसम्पत्तियों के वर्गीकरण के आधार पर मूल्यांकितकिया जाता है।

i) **वित्तीयपरिसम्पत्तियों का वर्गीकरण और मूल्यांकन (इक्विटी लिखत को छोड़कर)**

क)परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसम्पत्तियां: निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाली वित्तीय परिसम्पत्तियों को प्रभावी ब्याज दर पद्धति (ई.आई.आर.) काउपयोग करते हुए, तदोपरांत परिशोधित लागत पर मूल्यांकित किया जाता है:

• परिसम्पत्ति का धारण किसी ऐसे व्यापार मॉडल में किया जाता हो जिसका उद्देश्यसंविदात्मक नकदी प्रवाह के संग्रहण के उद्देश्य से परिसम्पत्तियों को धारित करनाहो; और

• परिसम्पत्ति की संविदात्मक शर्तें विशिष्ट तारीख को नकदी प्रवाह जो कि बकायामूल राशि पर केवल मूल और ब्याज का भुगतान (एस.पी.पी.आई.) है, का सृजन करती हैं

ख) अन्य विस्तृत आयके माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसम्पत्तियां (एफ.वी.टी.ओ.सी.आई.) किसी वित्तीय परिसम्पत्ति का मूल्यांकन एफ.वी.टी.ओ.सी.आई. पर किया जाता है यदिनिम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती हों:

• व्यापार मॉडल के उद्देश्य की प्राप्ति, संविदात्मक नकदी प्रवाह के संग्रहणऔर वित्तीय परिसम्पत्तियों के विक्रय दोनों से होती है; और

• परिसम्पत्ति की संविदात्मक शर्तें विशिष्ट तारीख को नकदी प्रवाह जो कि बकायामूल राशि पर केवल मूल और ब्याज का भुगतान (एस.पी.पी.आई.) हैं, में वृद्धि करतीहो.

ग) लाभ अथवा हानि केमाध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसम्पत्तियां (एफ.वी.टी.पी.एल.) किसी वित्तीय परिसम्पत्ति का मूल्यांकन एफ.वी.टी.पी.एल. पर किया जाता है जब तककि इसे लाभ एवं हानि विवरण में निर्धारित उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों के साथपरिशोधित लागत अथवा एफ.वी.टी.ओ.सी.आई. पर मूल्यांकित नहीं किया जाता है।

ii) **वित्तीय परिसम्पत्तियों का विकृत होना**

क) आरम्भिक मान्यता होने पर, कंपनी परिशोधित लागत पर मूल्यांकित वित्तीयपरिसम्पत्तियों के संबंध में आशयित क्रेडिट हानि (ई.सी.एल.) को मान्यता देती है। ऐसी वित्तीय परिसम्पत्तियों, ऋण परिसम्पत्तियों को छोड़कर, के संबंध मेंई.सी.एल. का मूल्यांकन आजीवन आशयित हानि के बराबर राशि पर किया जाता है।
